**कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।**

संख्याः एम0ई0–3/2022/2605 लखनऊः दिनांक 12 नवम्बर 2022

**यू0पी0 नीट यू0जी0 2022 की प्रथम चक्र की ऑनलाईन काउंसिलिंग से आवंटित अभ्यर्थियों की प्रवेश की तिथि विस्तारित किये जाने के संबंध मे आवश्यक सूचना।**

यू0पी0 नीट यू0जी0 2022 की प्रथम चक्र की ऑनलाईन काउंसिलिंग से आवंटित अभ्यर्थियों के आवंटन पत्र डाउनलोड करने एवं प्रवेश लेने की अन्तिम तिथि दिनांक 09.11.2022 से 13.11.2022 तक निर्धारित की गयी है। आवंटन प्राप्त अभ्यर्थियों को प्रवेश प्रक्रिया के समय शासन द्वारा निर्धारित शिक्षण शुल्क का डिमाण्ड ड्राफ्ट नोडल सेन्टर पर जमा किया जाना अनिवार्य है।

कार्यालय के संज्ञान में आया है कि उक्त काउंसिलिंग के माध्यम से निजी क्षेत्र के कालेजों में आवंटन प्राप्त कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा दिनांक 12/13 नवम्बर 2022 को बैंकों में द्वितीय शनिवार/रविवार का अवकाश होने के दृष्टिगत डिमाण्ड ड्राफ्ट बनवाया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है।

अतः वर्णित तथ्यों के दृष्टिगत यू0पी0 नीट यू0जी0 2022 की प्रथम चक्र की ऑनलाईन काउंसिलिंग से आवंटन प्राप्त अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया की तिथि दिनांक 14.11.2022 तक विस्तारित की जाती है।

अद्यतन सूचनाओं की जानकारी हेतु वेबसाईट upneet.gov.in तथा dgme.up.gov.in का अनुश्रवण करना सुनिश्चित करें।

महानिदेशक।